




## एक नजर में


### जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 26 दिसम्बर को

**खण्डवा।** अनुसचित जाति एवं जनजातीय अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत गठित जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 26 दिसम्बर को होगी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग संतोष शुक्ला ने बताया कि यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत अजाक थाना जिला खण्डवा में लंबित प्रकरणों के निराकरण, अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत स्वीकृति के लिए प्राप्त प्रकरणों के सम्बंध में समीक्षा की जाएगी।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा" की बैठक 30 व 31 को

**खण्डवा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आगामी 30 एवं 31 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। यह बैठक दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि बैठक में वन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, बीज निगम, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, म.प्र. सड़क विकास निगम के निर्माण कार्यों की प्रगति, लोक निर्माण विभाग भवन तथा सड़क एवं पीआईयू व सेतु निर्माण के कार्यों, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन पीएचई के कार्यों, जल निगम द्वारा जिले में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा बैठक में सांसद श्री पाटिल नर्मदा घाटी विकास के अन्तर्गत खण्डवा उद्वहन सिंचाई, सिंहाड़ा जावर तथा झिरन्या उद्ववहन सिंचाई योजना एवं नर्मदा घाटी विकास सम्बंधी कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में मत्स्य विभाग व मत्स्य महासंघ के इंदिरा सागर जलाशय एवं ओंकारेश्वर जलाशय से सम्बंधित योजनाओं, जल संसाधन विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा जनजातीय कार्य विभाग, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई, अक्षय ऊर्जा विभाग व म.प्र. विद्युत वितरण कम्पनी में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी।

### तुलसी पूजन दिवस मनाया विभिन्न आयोजन के साथ हुआ भंडारा



**खंडवा।** श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 22 से 25 दिसंबर तक तुलसी पूजन कार्यक्रम के साथ विभिन्न आयोजित किये गये। ताकि युवा एवं मानव नववर्ष के नाम पर व्यसन पान कर स्वयं का जीवन बरबाद न करे। यह जानकारी देते हुए समिति के लक्ष्मण बिनवानी एवं निर्मल मंगवानी ने बताया कि गरुड़ पुराण में वर्णित है कि जो व्यक्ति अपनी दरिद्रता मिटाना और सुख संपदा पाना चाहता है उसे तुलसी माता की शुद्ध भाव एवं भक्ति से पूजा अर्चना करना चाहिए। कहते हैं कि तुलसी का वृक्ष लगाने, पालन करने, सीचने, स्पर्श करने और गुणगान करने से पूर्व जन्म के अनेकों पाप जलकर नष्ट हो जाते हैं। देश भर में परम पूज्य संत श्री आसाराम बापू की प्रेरणा से वर्षों से युवाओं को व्यसन पान करके बर्बाद होने से बचाने एवं मानवता को बचाने के लिए अब तो तुलसी पूजन बापूजी के शिष्यों के अलावा सनातन धर्म को मानने वाले सभी समाजों के लाखों ही नहीं बल्कि करोड़ों लोग तुलसी पूजन कर तुलसी के औषधीय गुणों का लाभ उठा रहे हैं। श्री मंगवानी ने बताया कि 22 से 25 दिसंबर तक होने वाले इस आयोजन के दौरान विवेकानंद स्कूल, आर्य समाज एवं ललित कला स्कूल आदि सहित विभिन्न स्कूलों में भी बाल संस्कार के तहत तुलसी पूजन हुआ। गुरूवार को तुलसी पूजन दिवस भारत ही नहीं विश्व भर में करोड़ों लोगों द्वारा मनाया गया। इसी कड़ी में खंडवा के ग्राम नागचून स्थित संत आसाराम जी आश्रम में तुलसी पूजन का कार्यक्रम बडे ही हर्षोल्लास के साथ श्री योग वेदांत सेवा समिति खंडवा के तत्वावधान में प्रात: 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक तुलसी पूजन के साथ ही बाल संस्कार का भी आयोजन हुआ। आयोजन के दौरान बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया एवं विजयी को पुरस्कार स्वरूप पठन सामग्री प्रदान की गई। इस दौरान तुलसी माता का पूजन किया गया एवं तुलसी के औषधीय गुना की महिमा बखान एवं तुलसी माता की आरती कर परिक्रमा की गयी। श्री योग वेदांत सेवा समिति के साधकों द्वारा जिले भर के सैकड़ो स्कूली नोनिहाल बच्चों को तुलसी की महिमा बताई गयी। भजनों के पश्चात विशाल भंडारा भी आयोजित हुआ। इस अवसर पर समिति के रणधीर चौधरी, नरेश बलवानी, पुखराज फुलेरे अहमदाबाद, लक्ष्मण बिनवानी, निर्मल मंगवानी, गोविंद पटेल, कुंदनदास निरंकारी, ताराचंद रोहड़ा, शिव पाटीदार, कृष्णा पटेल आदि सहित खंडवा जिले भर केगणमान्यजन, साधकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे

### 23 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में 23 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 03 प्रकरणों मे 04 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 06 प्रकरणों मे 19 अनावेदकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में कुल 13 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 11 गिरफ़्तारी, 25 जमानती वारंट, 45 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना एचएस आरपी, बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 21 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 12400/-रुपए वसूल किए गए है।

### सद्भावना मंच ने मो रफी के जन्मदिन पर दी गीतांजलि



**खंडवा।** सद्भावना मंच ने सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक मो रफी के जन्म दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके गीत गुनगुनाकर गीतांजलि दी। सद्भावना मंच सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि इस अवसर पर संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि पार्श्व गायक रफी साहब के गीत अजर अमर थे। उनके गीतों से अनेक फिल्में सुपर हिट हुई। उनके कालजयी गीत फिल्म इंडस्ट्री का दिशा निर्देशन करते रहेंगे। माली कुआं स्थित कार्यालय पर संपन्न इस आयोजन में सदस्यों द्वारा कराओके पर रफी साहब के गीत प्रस्तुत किए गए। सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन, आनंद तोमर, ओम पिल्ले, डॉ जगदीश चंद्रचौरे, डॉ एमएम कुरैशी, देवेंद्र जैन, सुरेन्द्र गीते, के बी मनसारे, अनूप शर्मा, संतोष सोनी, धीरज नेगी, राजेश खांडे, त्रिलोक चौधरी, कमल नागपाल, रजत सोहनी, योगेश गुजराती, कैलाश शर्मा, दिलीप गंगराड़े, अंजुम भाई, अजय मंडलोई, राधेश्याम शाक्य, अर्जुन बुंदेला, रजत सोहनी, सतीश मुदीराज, सराफजी, मुरली कोडवानी, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल, आकांक्षा सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

# हड़ताल खत्म : 10 तारीख से पहले सफाईकर्मियों को वेतन

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** समय पर वेतन और रिटायरमेंट के बाद पेंशन में देरी जैसी संवेदनशील समस्याओं के निपटारे के लिए नगर निगम में सफाईकर्मी हड़ताल पर चले गए थे। शहर की व्यवस्थाओं में दिक्कत आने से पहले महापौर ने इसे गंभीरता से लेकर बातचीत की। अधिकांश मांगों पर समस्याएं खत्म करने के लिए नियम बनाए गए। सप्ताह में एक बार कर्मचारियों की समस्याओं के निपटारे का निगम आयुक्त ने आश्वासन भी दिया। अब सफाईकर्मी काम पर लौट आए हैं। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजू सुनगत ने भी हड़ताल को सफल बताते हुए कहा कि महापौर की कर्मचारी हित में नीति को देखते हुए वे संतुष्ट हैं।



### सफाईकर्मी निगम की रीढ़


महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि सफाईकर्मी नगर निगम परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं। वे नगर निगम की रीढ़ हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफाईकर्मी हमारे भाई-बहन हैं। उनके हितों की रक्षा करना निगम की प्राथमिकता रही है। आगे भी रहेगी। महापौर ने सफाईकर्मियों की प्रमुख मांगों जैसे हक्क-राशि, शासकीय आवास, समय पर वेतन भुगतान पर आश्वासन दिया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेतन भुगतान 1 से 10 तारीख के मध्य सुनिश्चित करने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएं।

सफाईकर्मी संघ के अध्यक्ष राजू सुनगत ने महापौर, आयुक्त का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी जितनी भी मांगे थीं, उन पर संतोषजनक चर्चा हो गई है। संवाद के माध्यम से समाधान निकलना महापौर की सकारात्मक कार्यशैली को दर्शाता है।

### सेवानिवृत्ति से 3 महीने पहले कागज तैयार कर लिए जाएंगे

निगमायुक्त प्रियंका राजावत ने कहा कि नगर निगम प्रशासन कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि महापौर से चर्चा उपरांत प्रत्येक सप्ताह एक घंटा कर्मचारियों की शिकायतों के लिए समर्पित किया जाएगा। प्रधानमंत्री बीमा योजना का लाभ दिलाने हेतु सभी ज़ोन प्रभारियों को आवश्यक दस्तावेज जमा कराने के निर्देश दिए जाएंगे। पेंशन प्रकरणों में 6 माह पूर्व तैयारी एवं 3 माह पूर्व विभाग में भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इसके अतिरिक्त वेतन पर्ची (स्ड्डद्यड्डह्4 स्द्यद्बश्च) की व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जाएगा, ताकि कर्मचारी अपने-अपने ज़ोन कार्यालय से ही वेतन पर्ची प्राप्त कर सकें।

# ओंकारजी दर्शन प्रशासन के लिए चुनौती, 5 घंटे की लाइन



नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** साल के 'वीक-एंड' और छुट्टियों के महोत्सव में ओंकारेश्वर हाउसफुल हो गया है। 5 घंटे से ज्यादा समय ओंकारजी के दर्शन में लग रहे हैं। कोठी तक चार किमी दूर भी पार्किंग व्यवस्था फुल है। दर्शन के मैनेजमेंट में तब्दीली जरूरी है। लाइन में लगा श्रद्धालु 6 घंटे भी नित्य कर्म के लिए नहीं जा सकता। यह महत्वपूर्ण सुविधा प्रशासन श्रद्धा लोगों के लिए उपलब्ध नहीं करा पाया।

25 दिसंबर क्रिसमस की छुट्टी पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालु ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर के दर्शन करने के लिए पहुंचे। कामकाजी तबका इस हफ्ते में छुट्टियां लेप्स होने के डर से बच्चों के साथ बाहर निकल गए हैं। एक हफ्ते इसी तरह श्रद्धालु प्रतिदिन ओंकारेश्वर बड़ी संख्या में पहुंचने का अनुमान है।

### जरूरी इंतजाम से चुका प्रशासन

दोपहर 12 बजे बाद पार्किंग स्थल गणेश नगर शिफ्ट करना पड़ रहा है। सामान्य दर्शन लाइन में लगे श्रद्धालु 4-5 घंटे में ज्योतिर्लिंग दर्शन कर पा रहे हैं। व्यवस्थित लाइन ना लगने से श्रद्धालु परेशान होते हैं। लाइन में लगे श्रद्धालुओं को पानी और वाशरूम की व्यवस्था नहीं है। श्रद्धालु परेशान होते देखे जा सकते हैं। लाइन में लगे श्रद्धालु जहां खड़े होते हैं, वहां संभावित समय का नोटिस बोर्ड बनाकर लगाने से श्रद्धालु निश्चिंत होकर लाइन में खड़े रह सकते हैं।

### मारपीट और विवाद बढ़े

बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए समय प्रबंधन जरूरी है। अभी इस प्रकार की व्यवस्था नहीं है कि लाइन में लगने के बाद कितने समय में दर्शन होंगे पार्किंग को लेकर बढ़ती अव्यवस्था और अपर्याप्त इंतजाम अब विवाद का कारण बनते जा रहे हैं। कल पार्किंग स्थल पर एक वाहन द्वारा दूसरी गाड़ी को खरोंच लगने की मामूली बात पर यात्रियों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट की स्थिति तक पहुंच गई। दोनों पक्षों में तनाव बढ़ने लगा, लेकिन मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और टेंपो चालकों ने समय रहते हस्तक्षेप कर विवाद को शांत कराया, जिससे कोई बड़ी अप्रिय घटना टल गई।

### कहीं भी पार्किंग कर रहे लोग

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थलों पर उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन चालक जहां- तहां गाड़ियां खड़ी करने को मजबूर हैं। पार्किंग स्थानों की कमी, स्पष्ट संकेतकों का अभाव और निगरानी न होने से अक्सर वाहनों को नुकसान पहुंचता है, जिससे यात्रियों में आक्रोश फैल जाता है।

### पांच किमी दूर तक जाम



छुट्टियां, पुराने वर्ष की विदाई और नए वर्ष के आगमन पर श्रद्धालु नर्मदा स्नान ज्योतिर्लिंग दर्शन कर मनाने के लिए पहुंचेंगे। ऐसे में सुलभ दर्शन, पार्किंग व्यवस्था प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगी। ओंकारेश्वर में सभी जगह श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही है। होटल, धर्मशाला, लाज, पार्किंग 5 किलोमीटर दूर कोठी तक हाउसफुल चल रही है।

# जैन तीर्थंकरों की जन्मभूमियों की सामूहिक यात्रा पर रवाना हुआ जैन व गुर्जर समाज




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जैन तीर्थयात्रा संघ, लोनारा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली सामूहिक तीर्थयात्रा के अंतर्गत इस वर्ष जैन धर्म के तीर्थंकरों की जन्मभूमियों की विशेष यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा 24 दिसंबर से 3 जनवरी तक चलेगी, जिसमें जैन व गुर्जर समाज के कुल 65 यात्री भाग ले रहे हैं।

समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि यात्रा संयोजक आशीष जैन एवं सोहिल जैन के संयोजन एवं मार्गदर्शन में इस ऐतिहासिक यात्रा में खरगोन, लोनारा, खंडवा, महेश्वर, मंडलेश्वर, पंधाना, भीकनगांव, इंदौर, मलकापुर, पुणे, भोपाल सहित विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल हैं। लोनारा में यात्रियों का हार-माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस यात्रा की एक विशेष बात यह है कि जन्म से जैन न होने के बावजूद लोनारा के गुर्जर समाज के 13 यात्री, जो पूर्णत: जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करते हैं, भी इस तीर्थयात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं। यह सामाजिक समरसता और धार्मिक सौहार्द का प्रेरणादायी उदाहरण है। सुनील जैन ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालु अयोध्या सहित जैन धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों की वंदना करेंगे। अयोध्या भगवान रामचंद्र जी की जन्मभूमि होने के साथ-साथ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ, द्वितीय तीर्थंकर अजितनाथ, चतुर्थ तीर्थंकर अभिनंदननाथ, पंचम तीर्थंकर सुमतिनाथ एवं चौदहवें तीर्थंकर अनंतनाथ भगवान की भी जन्मभूमि है। जैन धर्म में सम्मेद शिखरजी एवं अयोध्या को शाश्वत तीर्थ माना गया है, जिनकी वंदना का विशेष महत्व है। यात्रा में शामिल बद्री मुकाती, रमेश पटेल सहित अन्य यात्रियों ने बताया कि वे सम्मेद शिखरजी की यात्रा पूर्व में पांच बार कर चुके हैं तथा अन्य तीर्थों की वंदना भी कर चुके हैं, लेकिन सभी तीर्थंकरों की जन्मभूमियों की सामूहिक यात्रा का यह उनका पहला अवसर है।

इस यात्रा में कुल 25 जैन तीर्थ क्षेत्रों की वंदना की जाएगी, जिसे लेकर यात्रियों में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का भाव देखने को मिल रहा है। भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के संपादक राजेन्द्र जैन महावीर सनावद ने कहा कि लोनारा ग्राम सर्व धर्म सद्भावना का प्रतीक हैं जहां गुर्जर समाज व जैन समाज मिलकर श्रमण संस्कृति व वैदिक संस्कृति के सार्वभौमिक सिद्धांतो का पालन करते हुए संपूर्ण देश को सामाजिक शुचिता का संदेश प्रदान कर रहे हैं।

# इंदिरा सागर पावर स्टेशन में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन




नवभारत न्यूज

**नर्मदानगर।** इंदिरा सागर पावर स्टेशन में दिनांक 23.12.2025 से 24.12.2025 तक मॉ नर्मदा कला भवन में महिला, पुरूष तथा मिश्रित युगल वर्गो की बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें निगम मुख्यालय भोपाल, इंदिरा सागर पावर स्टेशन एवं ओंकारेश्वर पावर स्टेशन के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

बैडमिंटन (पुरूष टीम स्पर्धा वर्ग) में इंदिरा सागर पावर स्टेशन ने विजेता टीम का स्थान प्राप्त किया जिसके खिलाड़ी प्रसन्ना कुमार बड़गे, मुकेश पटवा, अर्जुन गुप्ता एवं श्री रामबाबू रहे तथा ओंकारेश्वर पावर स्टेशन ने उप-विजेता टीम का स्थान प्राप्त किया जिसके खिलाड़ी सेमसन एक्का, भानूप्रताप पाल, संजीव कुमार सिंह एवं लोकेश कुमार बघेल रहे। बैडमिंटन (महिला एकल स्पर्धा वर्ग) में विजेता निगम मुख्यालय, भोपाल से सुश्री राजश्री चहांदे रही एवं उप-विजेता इंदिरा सागर पावर स्टेशन से कविता आलोक पस्तोर रही। बैडमिंटन (मिश्रित युगल वर्ग) में विजेता इंदिरा सागर पावर स्टेशन से रेशमा संजीव एवं अर्जुन गुप्ता एवं उप-विजेता इंदिरा सागर पावर स्टेशन से ही कविता आलोक पस्तोर एवं श्री रामबाबू रहे।

विजेता तथा उप-विजेता टीमों, विजेता तथा उप-विजेता खिलाड़ियों, टीम मैनेजर, अम्पायर, कॉमेंटेटर तथा लाइनमेन को अजीत कुमार तथा धीरेंद्र कुमार द्विवेदी द्वारा ट्राफी प्रदान की गई। पुरस्कार वितरण के उपरांत परियोजना प्रमुख, इंदिरा सागर पावर स्टेशन द्वारा अपने उदबोधन में कहा गया कि यह किसी एक परियोजना की जीत नहीं है बल्कि यह पूरी एनएचडीसी की जीत है।

इस अवसर पर इंदिरा सागर पावर स्टेशन के परियोजना प्रमुख अजीत कुमार, ओंकारेश्वर पावर स्टेशन के परियोजना प्रमुख धीरेंद्र कुमार द्विवेदी, गोपाल खण्डेलवाल, महाप्रबंधक (सिविल), हरेन्द्र प्रताप सिंह, महाप्रबंधक (आईटी), रेशमा संजीव, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन)-खेल समन्वयक एवं अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### मंडलोई सम्मानित

**खंडवा।** प्रगति दिव्यांग सेवा समिति खंडवा द्वारा दिव्यांगजनो के लिए सेवा कार्य करने हेतु कन्हैया मंडलोई को सम्मानित किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष आनंद मालाकार सचिव रविन्द्र चौहान विपिन राठौर उपाध्यक्ष अखिलेश गुर्जर कोषाध्यक्ष मंजू तंवर वकील सहसचिव रविंद्र राठौड़ सदस्य उपस्थित रहे।

**जन्म जयंती** | भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी की जन्म जयंती शताब्दी वर्ष पर सुशासन दिवस मनाकर चलाया स्वच्छता अभियान

# अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती के शताब्दी वर्ष के अवसर पर खंडवा नगर में सुशासन दिवस श्रद्धा, सेवा और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घंटाघर, बॉम्बे बाजार क्षेत्र से नगर निगम कार्यालय तक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।



समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि स्वच्छता अभियान के दौरान नगर निगम द्वारा सभी सहभागियों को दस्ताने, झाड़ू एवं कचरा संग्रहण हेतु बोरियां प्रदान की गईं। इसके पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उत्साह एवं अनुशासन के साथ क्षेत्र की साफ-सफाई कर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### लालचौकी में 'अटल पथ' नामकरण का संदेश

कार्यक्रम के अंतिम चरण में लालचौकी क्षेत्र में लालचौकी से अटल सरोवर तक के मार्ग पर दिशा-सूचक का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि यह मार्ग अब 'अटल पथ' के नाम से जाना जाएगा, जो सुशासन, विकास और राष्ट्रसेवा के आदर्शों का प्रतीक होगा।

### कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी

इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन तनवे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, राजेश तिवारी, प्रवक्ता सुनील जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत, कार्यपालन यंत्री राधेश्याम उपाध्याय तथा निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अटल आर्ट गैलरी का अवलोकन

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि स्वच्छता अभियान के उपरांत नागचून स्थित अटल उद्यान में अटल जी की आदम कद प्रतिमा के प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां स्वर्गीय अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इसके पश्चात अटल आर्ट गैलरी का अवलोकन कर अटल जी के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र सेवा से जुड़े प्रसंगों को स्मरण किया गया।

